# आकाशवाणी शिमला

## 25.08.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

### मुख्य समाचार

- प्रदेश में 18 सरकारी विभागों में नहीं लग रही बॉयोमिट्रिक हाजरी–फील्ड स्टॉफ के लिए व्यवहारिक नहीं व्यवस्था।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–राज्य सरकार ने भाजपा कार्यकाल के कथित भ्रष्टाचार की जांच के लिए बनाई व्हाइट पेपर कमेटी।
- विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन भी सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच सियासी टकराव जारी–एक दूसरे के खिलाफ किया प्रदर्शन।
- राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कुलाधिपति अंतर विश्वविद्यालयीय विकसित भारत 2047 परिषद टास्क फोर्स के गठन करने की घोषणा की।
- वैश्विक साईकिल यात्री सोमेन देबनाथ ने युवाओं से नशे से दूर रहने का किया आग्रह–भारतीय संस्कृति के प्रचार प्रसार पर दिया बल।

### प्रश्नकाल

प्रदेश के कई विभागों में अधिकारियों और कर्मचारियों की दैनिक हाजिरी बायोमेट्रिक मशीन या ऑनलाइन माध्यम से दर्ज नहीं हो रही है। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में आज प्रश्नकाल के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विधायक लोकेंद्र कुमार के सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। सरकार के अनुसार इसके पीछे फील्ड कर्मचारियों की ड्यूटी का स्वरूप, दुर्गम क्षेत्रों में इंटरनेट व नेटवर्क की कमी, बिजली की समस्या और कई कार्यालयों में बायोमेट्रिक मशीन उपलब्ध नहीं होना प्रमुख कारण हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि 18 विभागों के तहत आने वाले बोर्डों, निगमों के कार्यालयों और संस्थानों में कर्मचारियों की दैनिक हाजिरी बायोमेट्रिक या ऑनलाइन माध्यम से नहीं लग रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि विभिन्न विभागों में फील्ड कर्मचारियों के सामने अलग–अलग तरह की दिक्कतें हैं। ऐसे में कई जगह फील्ड में तैनात कर्मचारी के लिए कार्यालय पहुंचकर बायोमेट्रिक हाजिरी लगाना व्यवहारिक नहीं है।

### हंगामा

विधानसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान बेरोजगारी और आउटसोर्स भर्तियों के मुद्दे पर पक्ष व विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई। विपक्ष की ओर से उठाए गए सवाल पर मुख्यमंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर विपक्ष ने सदन से बाहर आकर सरकार के खिलाफ नारेबाज़ी की। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर युवाओं के साथ ठगी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार का करीब चार साल का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है, लेकिन युवाओं को अब तक रोजगार नहीं मिला। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने हर साल एक लाख नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन सरकार शुरू से अंत तक झूठ बोलती रही।

### मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि उनकी सरकार ने भाजपा कार्यकाल के कथित भ्रष्टाचार की जांच के लिए व्हाइट पेपर कमेटी बनाई है। यह कमेटी जांच के बाद सामने आए तथ्यों को जनता के समक्ष रखेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सदन में बिना मुद्दे की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल के दौरान रोजगार पर करीब आधे घंटे तक चर्चा हुई, लेकिन इसके बाद भाजपा विधायक दल ने वॉकआउट कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष ने विपक्ष को सवाल पूछने

का पूरा मौका दिया था और चर्चा भी कराई गई। इसके बावजूद अतिरिक्त सवाल पूछने की जिद करना और फिर सदन से बाहर चले जाना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार विपक्ष के हर सवाल का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

**धरना**

विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन भी आज सदन के बाहर पक्ष और विपक्ष के बीच सियासी टकराव देखने को मिला। दोनों पक्षों ने एक–दूसरे के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया और हाथों में तख्तियां लेकर गंभीर आरोप लगाए। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता––––

*वीओ–––––मानसून सत्र के चौथे दिन भी सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले हंगामा देखने को मिला और दोनों पक्षों ने आमने–सामने आकर लगाए नारे लगाए। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के नेतृत्व में सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला, जबकि सत्ता पक्ष की ओर से उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की अगुवाई में प्रदर्शन किया गया। विपक्ष ने हिमकेयर और सहारा योजना को लेकर सरकार पर निशाना साधा। भाजपा नेताओं का आरोप है कि इन योजनाओं को कमजोर या बंद किए जाने से प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ा है और गरीब व जरूरतमंद लोगों से मुफ्त इलाज की सुविधा छीनी जा रही है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सत्ता पक्ष के प्रदर्शन पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार को अब से ही विपक्ष में बैठने की तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। .....बाईट...जयराम ठाकुर...*

*दूसरी तरफ सत्ता पक्ष ने महंगाई और भ्रष्टाचार सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन किया। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने विपक्ष पर देश और प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि देश में लगातार बढ़ रही महंगाई और बेरोजगारी जैसे गंभीर मुद्दों पर विपक्ष को बात करनी चाहिए, लेकिन इन मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए इस तरह के प्रदर्शन किए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस पूरी ताकत के साथ आगामी चुनाव लड़ेगी और विपक्ष को सत्ता में वापसी के ख्वाब देखना बंद कर देना चाहिए। ...बाईट...अग्निहोत्री....*

*कुल मिलाकर, विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन भी सदन के भीतर और बाहर सियासी पारा चढ़ा रहा।*

*रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला।*

**राज्यपाल**

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों को एक साझा मंच पर लाने और 'विकसित भारत–2047' के लक्ष्य की दिशा में समन्वित प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए कुलाधिपति अंतर–विश्वविद्यालयीय 'विकसित भारत–2047' परिषद अथवा टास्क फोर्स के गठन की घोषणा की है। लोक भवन शिमला में हिमाचल प्रदेश के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए आज राज्यपाल ने ये घोषणा की। उन्होंने सभी विश्वविद्यालयों को 10 दिनों के भीतर सौ दिवसीय रोडमैप तैयार करने के निर्देश दिए। कविन्द्र गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश 'विकसित भारत–2047' के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है।

**सोमेन देबनाथ**

एक सौ 91 देशों, सात महाद्वीपों की दो लाख किलोमीटर की साइकिल यात्रा करने वाले वैश्विक साईकिल यात्री सोमेन देबनाथ ने शिमला में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से शिष्टाचार भेंट की। सोमेन देबनाथ पश्चिम बंगाल के सुंदरबन के निवासी हैं और वे पिछले करीब 22 वर्षों से साईकिल के माध्यम से दुनिया के विभिन्न देशों की यात्रा कर रहे हैं। इस बीच सोमेन देबनाथ ने आज आकाशवाणी शिमला के प्रादेशिक समाचार एकांश प्रमुख रितेश कपूर और कार्यक्रम प्रमुख अनिल वर्मा से भी भेंट की और साईकिल यात्रा के दौरान विभिन्न देशों के अपने भ्रमण के अनुभव साझा किए। सोमेन देबनाथ ने युवाओं को नशे जैसी बुराई से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने भारतीय संस्कृति के प्रचार–प्रसार पर भी बल दिया।

**सुनील शर्मा बिट्टू**

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा है कि सहकारी सभाएं ग्रामीण क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर कार्य करती हैं और ये प्रत्यक्ष रूप से आम लोगों से जुड़ी होती हैं। हमीरपुर में आज राज्य सहकारी विकास संघ के जिला स्तरीय सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने ये बात कही। सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बीते लगभग 4 वर्ष के कार्यकाल में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में कई बड़े निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सहकारी सभाओं के हितों की रक्षा के लिए भी आवश्यक कदम उठा रही है। सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री ने हमीरपुर जिले के लिए अनेक बड़े संस्थान मंजूर किए हैं और प्रदेश का सबसे बड़ा बस अड्डा भी हमीरपुर में बनाया जा रहा है जो जिला वासियों के लिए गर्व की बात है।

मुख्य समाचार एक बार फिर

- प्रदेश में 18 सरकारी विभागों में नहीं लग रही बॉयोमिट्रिक हाजरी–फील्ड स्टॉफ के लिए व्यवहारिक नहीं व्यवस्था।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–राज्य सरकार ने भाजपा कार्यकाल के कथित भ्रष्टाचार की जांच के लिए बनाई व्हाइट पेपर कमेटी।
- विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन भी सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच सियासी टकराव जारी–एक दूसरे के खिलाफ किया प्रदर्शन।
- राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कुलाधिपति अंतर विश्वविद्यालयीय विकसित भारत 2047 परिषद टास्क फोर्स के गठन करने की घोषणा की।
- वैश्विक साईकिल यात्री सोमेन देबनाथ ने युवाओं से नशे से दूर रहने का किया आग्रह–भारतीय संस्कृति के प्रचार प्रसार पर दिया बल।

..........................................................................................